न्यूज़ बुलेटिन :

# सन्मार्ग

कालीचरण पी0जी0 कॉलेज, लखनऊ की प्रस्तुति

वर्ष–3 अंक–21
मासिक – फरवरी, 2025

## सत्र का उद्देश्य

- ❖ पढ़ने और सीखने की प्रवृत्ति को रूचिकर बनाना
- ❖ शिक्षा को रोजगारोन्मुख बनाना
- ❖ देश और मानवता के हित में अपने को योजित करना
- ❖ नैतिक और धार्मिक मूल्यों का अवगाहन

**प्रबन्धक**
इं0 वी0 के0 मिश्र
**प्राचार्य**
प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय

**सम्पादकीय**

**सम्पादक**
राजीव यादव

**उप–सम्पादक**
नितिन कुमार सिंह

**सहयोग**
पुष्पेन्द्र कुमार

# कालीचरण पी०जी० कॉलेज

हरदोई रोड, चौक, लखनऊ–226003
(लखनऊ विश्वविद्यालय)

## Events at College






**एक दिवसीय संवाद एवं वाद–विवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

दिनाँक 13.02.2025 को महाविद्यालय के श्याम सुन्दर दास सभागार में Climate Agenda Organizational द्वारा संचालित **हरित सफर अभियान** और कालीचरण पी0जी0 कालेज के Green Audit Committee के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय संवाद एवं वाद–विवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वाद–विवाद का विषय **"सार्वजनिक इलेक्ट्रानिक वाहन और प्राइवेट वाहन"** रखा गया था। विद्यार्थियों ने अपने विचार तथ्यात्मक रूप से रखें तथा सार्वजनिक यातायात के पक्ष में कई महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा की तथा प्रदूषण नियन्त्रण पर भी कई बिन्दु रखे एवं यह बताया की इलेक्ट्रानिक बसों के उपयोग से प्रदूषण में कमी आती है तथा बसों में सुरक्षा इन्तजाम से महिलाओं को सफर सुगम होता है तथा यह किफायती भी होता है एवं गाड़ी चलाने के दौरान होने वाले तनाव से भी राहत मिलती है।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए बताया कि आज के समय में Climate Change तेजी से हो रहा है। इसी कारण जनवरी के महीने में इस वर्ष पिछले कई सालों की अपेक्षा काफी गर्मी रही इसके लिए हमें सजग और जागरूक होकर जलवायु परिवर्तन को रोकने का प्रयास करना होगा। इस पर उन्होंने एलनीनो तथा लानीना की घटनाओं का उल्लेख किया।

क्लाइमेट एजेण्डा आर्गेनाइजेशन द्वारा महाविद्यालय को विभिन्न औषधीय पौधे दिए गये। इनका पौधारोपण महाविद्यालय के प्रबन्धक इं0 वी0के0 मिश्र द्वारा किया गया। प्रबन्धक महोदय ने आयोजको को धन्यवाद देते हुए ऐसे कार्यक्रमों को आगे भी करने का सुझाव दिया।

कार्यक्रम में Climate Agenda Organization की सानिया, सबा तथा प्रीति तथा महाविद्यालय की Green Audit Committee की डॉ0 पूनम अस्थाना, डॉ0 दीपमाला वर्मा द्वारा कराया गया। कार्यक्रम का जजमेण्ट डॉ0 श्वेता पाण्डेय सुश्री संघमित्रा गौतम द्वारा किया गया। अन्त में सभी विद्यार्थियों को प्रमाण–पत्र वितरित किया गया।




**<u>कालीचरण पी0जी0 कॉलेज लखनऊ में दो दिवसीय 'वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता–2025' का आयोजन किया गया।</u>**

दिनाँक 14.02.2025 को कालीचरण पी0जी0 कॉलेज लखनऊ में दो दिवसीय **'वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता–2025'** का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ महाविद्यालय के **प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय** ने दौड़ में प्रतिभाग कर रहे खिलाड़ियों को हरी झण्डी दिखा कर किया। प्राचार्य ने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ खेलने और अपना सर्वोत्तम प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। **शारीरिक शिक्षा विभाग की प्रभारी और वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता की संयोजिका प्रो0 कल्याणी द्विवेदी** ने क्रीड़ा प्रतियोगिता की रूपरेखा प्रस्तुत की और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। मार्च पास्ट करते हुए महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने प्राचार्य जी को सलामी दी। मार्च पास्ट का नेतृत्व कर रहे बी0ए0 द्वितीय सेमेस्टर के छात्र कुलदीप ने सभी खिलाड़ियों को खेल नियमों को मानते हुए शुचितापूर्ण खेल खेलने की शपथ दिलायी। क्रीड़ा प्रतियोगिता के प्रथम दिवस आज अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिनमें खिलाड़ियों ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया और पुरस्कार जीते। **800 मीटर पुरूष वर्ग** में बी0ए0 प्रथम वर्ष के छात्र पंकज यादव ने प्रथम, बी0ए0 द्वितीय वर्ष के छात्र योगेश ने द्वितीय और बी0ए0 द्वितीय वर्ष के छात्र शशिकांत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। **800 मीटर महिला वर्ग** में बी0ए0 तृतीय वर्ष की छात्रा सोनी ने प्रथम, बी0ए0 द्वितीय वर्ष की छात्रा द्वितीय और बी0ए0 द्वितीय वर्ष की छात्रा रानू गौतम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। **गोला फेंक प्रतियोगिता के पुरूष वर्ग** में बी0एस0सी0 प्रथम वर्ष के छात्र विकास सिंह ने प्रथम, बी0ए0 प्रथम वर्ष के छात्र दीपांशु द्वितीय और बी0ए0 द्वितीय वर्ष के छात्र अंकित ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। **गोला फेंक महिला वर्ग में** बी0बी0ए0 प्रथम वर्ष की छात्रा अंतिमा गुप्ता ने प्रथम, बी0ए0 प्रथम वर्ष की छात्रा जागृति वर्मा द्वितीय और बी0ए0 तृतीय वर्ष की छात्रा अलफिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह **400 मीटर पुरूष वर्ग** में बी0ए0 प्रथम वर्ष के छात्र पंकज यादव ने प्रथम, बी0ए0 प्रथम वर्ष के छात्र धर्मेन्द्र ने द्वितीय और बी0ए0 तृतीय वर्ष के छात्र यश कुमार सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। **400 मीटर महिला वर्ग** में बी0ए0 तृतीय वर्ष की छात्रा आशा पाल ने प्रथम, एम0ए0 प्रथम वर्ष की छात्रा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। **लम्बी कूद पुरूष वर्ग** में बी0ए0 प्रथम वर्ष के दीपांशु ने प्रथम, बी0ए0 द्वितीय वर्ष के शशिकांत ने द्वितीय और बी0ए0 तृतीय वर्ष के सचिन कश्यप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। **लम्बी कूद महिला वर्ग** में बी0ए0 प्रथम वर्ष की छात्रा सोनी ने प्रथम, एम0ए0 प्रथम वर्ष की छात्रा अनामिका साहू ने द्वितीय और बी0ए0 तृतीय वर्ष की छात्रा आशा



पाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिताओं को आयोजित कराने में श्री प्रभाष दीक्षित एवं डॉ0 सुरेन्द्र वर्मा ने महती भूमिका का निर्वाहन किया और मंच का सफल संचालन हिन्दी विभाग के सहायक आचार्य डॉ0 अरूण कुमार यादव के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रो0 मीना कुमारी, प्रो0 अर्चना मिश्रा, श्री डी0सी0डी0आर0 पाण्डेय, प्रो0 वी0एन0 मिश्रा, प्रो0 मनोज कुमार पाण्डेय सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण एवं भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**'वार्षिक क्रीड़ा समारोह–2025' के दूसरे दिन भी अनेक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।**




दिनाँक 15.02.2025 को कालीचरण पी0जी0 कॉलेज, लखनऊ में 'वार्षिक क्रीड़ा समारोह–2025' के दूसरे दिन भी अनेक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। खिलाड़ियों ने बढ़–चढ़ कर प्रतिभाग किया और पुरस्कार जीते। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे हॉकी के जादूगर मेजर ध्यान चन्द के सुपुत्र और **अन्तर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी देवेन्द्र सिंह** जी ने अपने और अपने पिताजी के जीवन से जुड़े हुए अनेक अनुभवों को साझा किया। जर्मनी में 1936 में आयोजित ओलंपिक से जुड़ी हुई घटना की चर्चा करते हुए बताया कि हॉकी का फाइनल मैच भारत और जर्मनी के बीच होना था। उस मैच को देखने हिटलर स्वयं आया था। इस मैच में भारतीय टीम विजयी हुई। हिटलर ने सभी भारतीय खिलाड़ियों को अपने घर बुलाया और जब पिताजी (मेजर ध्यान चन्द ) से मिले तो कहा कि आप जर्मनी आ जाइये, हम आपको मेजर जनरल बनाएंगे। लेकिन पिता जी ने (मेजर ध्यान चन्द) ऐसा करने से मना कर दिया। खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए आपने कहा कि हमें खेल में अपना सर्वोत्तम देना है साथ ही यह भी ध्यान रखना है कि हम अपने देश के लिए खेल रहे हैं।



महाविद्यालय के प्रबन्धक **इं0 वी0के0 मिश्र** जी ने सभी खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारे लिए यह गर्व की बात है कि हमारे बीच मुख्य अतिथि के रूप में अन्तर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी देवेन्द्र सिंह जी उत्साहवर्धन और मार्गदर्शन के लिए उपस्थित हैं। इनसे प्रेरणा और मार्गदर्शन प्राप्त करते हुए सभी सफल खिलाड़ी बने और राष्ट्रीय एवं अन्तार्राष्ट्रीय स्तर पर खेलते हुए महाविद्यालय का नाम रौशन करें। महाविद्यालय के **प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय** ने कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतिथि, आगन्तुकों को अपना कीमती समय देने के लिए तथा कार्यक्रम को आयोजित कराने में सहयोग कर रहे सभी प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों को धन्यवाद दिया सफलतापूर्वक समारोह को सम्पन्न कराने के लिए कार्यक्रम संयोजिका प्रो0 कल्याणी द्विवेदी जी की भूरि–भूरि प्रशंसा की। अपने उत्बोधन में आपने कहा कि महाविद्यालय खिलाड़ियों को आगे बढ़ने में हर सम्भव मदद देता रहा है और आगे भी सहयोग करता रहेगा। शारीरिक शिक्षा विभाग की अध्यक्षा और वार्षिक क्रीड़ा समारोह –2025 की **संयोजिका प्रो0 कल्याणी द्विवेदी** जी ने महाविद्यालय में पूरे वर्ष आयोजित हुई विभिन्न खेल गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया और खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

दो दिन से चल रही खेल प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियो ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और पुरस्कार जीते। मुख्य अतिथि के द्वारा सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। बी0ए0 प्रथम वर्ष के छात्र पंकज यादव ने पुरूष वर्ग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और महिला वर्ग में बी0ए0 तृतीय वर्ष की छात्रा आशा पाल ने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता।

बी0ए0 द्वितीय वर्ष के छात्र मयंक ने चाइनीज़ मार्शल आर्ट WUSHU का प्रदर्शन किया। 100 मीटर दौड़ पुरूष वर्ग में बी0ए0 प्रथम वर्ष के छात्र सचिन ने प्रथम और महिला वर्ग में बी0ए0 तृतीय वर्ष की छात्रा आशा पाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम का सफल संचालन हिन्दी विभाग के सहायक आचार्य डॉ0 अरूण यादव ने किया। इस अवसर पर प्रो0 मीना कुमारी, प्रो0 अर्चना मिश्रा, प्रो0 वी0एन0 मिश्रा, श्री डी0सी0डी0आर0 पाण्डेय, डॉ0 मनोज कुमार पाण्डेय, डॉ0 अल्का द्विवेदी, डॉ0 मुकेश मिश्र सहित समस्त प्राध्यापकगण एवं भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।





**श्रीमती अनीता पाल शिक्षाशास्त्र विभाग, टेक्नों इंस्टीट्यूट ऑफ हायर स्टडीज द्वारा छात्र छात्राओं को शोध प्रस्ताव के बारे में बताया गया।**

दिनाँक 18.02.2025 को कालीचरण महाविद्यालय के शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन श्यामसुन्दर दास सभागार विषय–शोध प्रस्ताव पर किया गया जिसमें अतिथि व्याख्यान हेतु मुख्य वक्ता श्रीमती अनीता पाल शिक्षाशास्त्र विभाग, टेक्नों इंस्टीट्यूट ऑफ हायर स्टडीज से रही व्याख्यान में वक्ता द्वारा छात्र छात्राओं को शोध प्रस्ताव के बारे में बताया गया कि शोध क्या है और शोध करने हेतु शोध प्रस्ताव बनाते समय किन–किन बातों का ध्यान रखना चाहिए इसके साथ यह भी बताया गया कि गुणात्मक और मात्रात्तमक अनुसंधान केस स्टडी विवरणात्मक एवं एतिहासिक अनुसंधान के बारे में रिसर्च प्रपोजल कैसा बनाया जाय एवं कैसे समस्या चयन, सम्बन्धित साहित्य न्यादर्श, परिकल्पना किया विधि उपकरण चयन आदि के बारे में बताया गया। व्याख्यान में विभाग के समस्त शिक्षक एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहें।

**राजनीतिशास्त्र विभाग द्वारा निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया**



कालीचरण पी0जी0 कॉलेज में दिनाँक 24.02.2025 को सी–हॉल में राजनीति विभाग द्वारा **निबन्ध प्रतियोगिता** शीर्षक भारत के स्वतन्त्रता आन्दोलन में **'गाँधी दर्शन'** पर आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों के छात्र–छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रथम स्थान– हर्ष तिवारी, बी0ए0 द्वितीय सेमेस्टर, द्वितीय स्थान– पल्लवी साहू, एम0ए0 द्वितीय सेमेस्टर, शिवानी कश्यप, एम0ए0 द्वितीय सेमेस्टर ने प्राप्त किया। सॉत्वना स्थान अल्का देवी – एम0ए0 चतुर्थ सेमेस्टर (शिक्षाशास्त्र), वैशाली श्रीवास्तव– एम0ए0 चतुर्थ सेमेस्टर (समाजशास्त्र), आकृति निगम बी0बी0ए0 द्वितीय सेमेस्टर एवं अभिषेक शुक्ला ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय एवं राजनीति विज्ञान विभाग के प्रभारी श्री डी0सी0डी0आर0 पाण्डेय के साथ डॉ0 श्वेता पाण्डेय, डॉ0 एस0पी0 सिंह, डॉ0 आदर्श कौशल उपस्थित रहे। निर्णायक मण्डल में डॉ0 मुकेश मिश्रा एवं डॉ0 पूनम अस्थाना ने सहयोग किया।





<u>**विज्ञान संकाय एवं स्पार्कलिव के संयुक्त तत्वावधान में Solid Waste Management पर Wastology कार्यशाला**</u>

कालीचरण पी0जी0 कॉलेज में दिनाँक 27.02.2025 को विज्ञान संकाय एवं स्पार्कलिव के संयुक्त तत्वावधान में Solid Waste Management पर Wastology कार्यशाला का आयोजन बाबू श्यामसुन्दरदास सभागार में किया गया। कार्यक्रम में Sparkliv की संस्थापिका श्रीमती राधिका मिश्रा ने विभिन्न प्रकार के कचरे उसका निस्तारण एवं उसके पुनः प्रयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम भी कराया। कार्यक्रम में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमे प्रतिभा कश्यप B.Sc. IV Sem., नैना बहेलिया M.Com. Pure II Sem. तथा अदिति दीक्षित B.Sc. IV Sem. को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। मंच का संचालन विज्ञान संकाय की डॉ0 इरा रस्तोगी द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में विज्ञान संकाय के साथ विभिन्न संकायो के शिक्षक एवं छात्र–छात्राओं ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया।

<u>**स्वास्थ्य जाँच एवं रक्तदान शिविर का आयोजन**</u>




कालीचरण महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई व हेल्थ केयर समिति के संयुक्त तत्वावधान एवं हेल्थ सिटी हॉस्पिटल, लखनऊ के सहयोग से स्वास्थ्य जाँच एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय द्वारा किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में प्राचार्य ने बच्चों को रक्तदान के लाभ बताते हुए उन्हें रक्तदान के लिए प्रेरित किया। स्वास्थ्य जाँच में बड़ी संख्या में प्राध्यापकों एवं प्राध्यापिकाओं तथा छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस शिविर में लगभग 35 इकाई ब्लड एकत्र किया गया। रक्तदान करने वालों में कॉलेज के प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय, डॉ0 मुकेश मिश्रा, डॉ0 शिवकुमार, श्री नितिन सिंह, डॉ0 प्रभास, डॉ0 श्याम प्रकाश सिंह तथा विद्यार्थियों की तरफ से दिव्या गौर, राफिया बानो, श्रेयस जायसवाल, अभय त्रिपाठी, मंटू, गौरव चौरसिया, सिद्धार्थ, अतुल यादव, कृष्णकांत रस्तोगी सहित लगभग 30 विद्यार्थियों ने भाग लिया। हेल्थ केयर अस्पताल की टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण में हीमोग्लोबिन टेस्ट, बी.पी., शुगर, ब्लड ग्रुप एवं वनज का परीक्षण किया गया। परीक्षण के उपरांत पात्र व्यक्तियों से उनकी सहमति से रक्तदान कराया गया। इस पूरे कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के मुख्य नियंता डॉ0 दिनेश चन्द्र दत्त राम पाण्डेय, डॉ0 अरूण यादव, डॉ0 राजीव यादव एवं महाविद्यालय के समस्त अध्यापकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अल्का द्विवेदी, डॉ0 मुकेश मिश्रा, डॉ0 राजकुमार सिंह, डॉ0 शिवकुमार एवं हेल्थ केयर अस्पताल की टीम से ऋषभ शर्मा, प्राची श्रीवास्तव, आलोक यादव इत्यादि ने किया।

## अंतर संकाय क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय ने किया



कालीचरण पी0जी0 कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित किए जा रहे अंतर संकाय क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में बी0कॉम तृतीय वर्ष ने जीत हासिल कर प्रतियोगिता अपने नाम की। आज के फाइनल मुकाबले में बी0ए0 तृतीय वर्ष ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में कुल 73 रन बनाए। बी0ए0 तृतीय की तरफ से कप्तान विकास यादव ने सर्वाधिक 26 रनों की पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करते हुए बी0कॉम तृतीय वर्ष ने 14.2 ओवर में 6 विकेट से मैच में जीत हासिल किया। बी0कॉम की तरफ से बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए मैन ऑफ द मैच रहे गौरांग ने 23 रनों की पारी खेली एवं गेंदबाजी में 4 विकेट भी हासिल किए। वहीं पूरे प्रतियोगिता में बेहतरी प्रदर्शन के बी0 कॉम के राज कमल को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब दिया गया। आज के मैच के फाइनल मैच का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय ने किया तथा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए सभी को शुभकामनाएं दी। प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में प्राचार्य ने खिलाड़ियों को ट्रॉफी मेडल एवं पुरस्कार प्रदान किया एवं सभी की निरंतर खेलों में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित भी किया। प्रतियोगिता का सफलता पूर्वक आयोन शारीरिक शिक्षा विभाग के सह0 आचार्य डॉ0 मुकेश कुमार मिश्रा ने किया। इस दौरान महाविद्यालय के मुख्य नियंता डॉ0 डी0सी0डी0आर0 पाण्डेय, प्रो0 मीना कुमारी, प्रो0 वी0एन0 मिश्रा, डॉ0 अल्का द्विवेदी, प्रो0 मनोज पाण्डेय, डॉ0 अरूण कुमार यादव, श्री राजीव यादव, डॉ0 राजकुमार सिंह, डॉ0 शिवकुमार, सहित महाविद्यालय के समसत प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

........................................................................................................................................................................................

## Kalicharan In News Paper



### पंकज, आशा ने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब जीता

लखनऊ, संवाददाता। कालीचरण पीजी कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह का शनिवार को समापन हो गया। इसमें दूसरे दिन भी विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। परिणाम जारी होने पर बीए प्रथम वर्ष के छात्र पंकज यादव ने पुरुष वर्ग और बीए तीसरे वर्ष की छात्रा आशा पाल ने महिला वर्ग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब अपने नाम किया।

क्रीड़ा महोत्सव के समापन पर मुख्य अतिथि मेजर ध्यानचंद के बेटे देवेंद्र सिंह ने इन दोनों विजेताओं को पुरस्कृत किया। उन्होंने बताया कि 1936 में जर्मनी में हुए ओलंपिक में हिटलर ने उनके पिता मेजर ध्यान चंद से हुई मुलाकात में जर्मनी मेजर जनरल बनाने का प्रस्ताव रखा था। जिसे उन्होंने अस्वीकार कर दिया था। प्राचार्य प्रो. चंद्रमोहन उपाध्याय ने बताया कि कार्यक्रम में बीए द्वितीय वर्ष के छात्र मयंक ने चाइनीज मार्शल आर्ट का प्रदर्शन किया। 100 मीटर दौड़ पुरुष वर्ग में बीए प्रथम वर्ष के छात्र सचिन ने प्रथम और महिल वर्ग में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा आश पाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।



### रक्तदान शिविर लगाया और स्वास्थ्य जांच भी की गई

अमृत विचार, लखनऊ : चौक स्थित कालीचरण महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई व हेल्थ केयर समिति के संयुक्त तत्वाधान एवं हेल्थ सिटी हॉस्पिटल के सहयोग से स्वास्थ्य जांच एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. चंद्र मोहन उपाध्याय द्वारा की गई। इस अवसर पर डॉ दिनेश चंद्र दत्त राम पांडे, प्रो. वी. एन. मिश्रा, प्रो. मीना कुमारी, प्रो. मनोज पांडे, डॉ. अरुण यादव, डॉ. राजीव यादव एवं महाविद्यालय के समस्त अध्यापकगण उपस्थित रहे।



### 'मेरे पिता ने देश के लिए खेली थी हाकी, पैसा या पद के लिए नहीं'

वार्षिक खेलकूद में हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के पुत्र देवेंद्र सिंह ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस दौरान कालेज के प्रबंधक वीके मिश्र, प्राचार्य प्रो. चंद्रमोहन उपाध्याय ने भी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया • जागरण

जागरण संवाददाता • लखनऊ : 'मेरे पिताजी (मेजर ध्यानचंद) ने देश के लिए हाकी खेली थी, पैसा व पद उनके लिए मायने नहीं रखता था। जैसे ही अंतरराष्ट्रीय हाकी खिलाड़ी और मेजर ध्यानचंद के सुपुत्र देवेंद्र सिंह ने यह बात कही, पूरा सभागार तालियों से गूंज उठा। अवसर रहा कालीचरण पीजी कालेज में आयोजित वार्षिक क्रीड़ा समारोह का। यहां खेल भावना और देशभक्ति की कहानी सुनकर हर कोई रोमांचित हो उठा।

देवेंद्र सिंह ने अपने पिता के 1936 के बर्लिन ओलिंपिक का एक ऐतिहासिक प्रसंग साझा करते हुए बताया कि उस समय फाइनल मुकाबला भारत और जर्मनी के बीच था। मैच देखने स्वयं एडाल्फ हिटलर आया था। जब भारतीय टीम ने शानदार जीत दर्ज की तो हिटलर ने सभी खिलाड़ियों को अपने निवास पर आमंत्रित किया। उन्होंने मेजर ध्यानचंद से कहा, आप जर्मनी आइए, हम आपको मेजर जनरल बनाएंगे, लेकिन ध्यानचंद ने यह प्रस्ताव ठुकरा दिया और कहा, मैंने हमेशा अपने देश के लिए खेला है और आगे भी अपने देश के लिए ही खेलूंगा। इस प्रेरणादायक प्रसंग के बाद मुख्य अतिथि ने छात्रों और खिलाड़ियों से कहा, हमें खेल में अपना सर्वोत्तम देना है, लेकिन यह भी नहीं भूलना चाहिए कि हम अपने देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। दूसरे दिन खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिसमें छात्रों ने उत्साह के साथ भाग लिया। बीए द्वितीय वर्ष के छात्र मयंक ने चाइनीज मार्शल आर्ट कुंगफू का शानदार प्रदर्शन किया। कालेज के प्रबंधक इंजीनियर वीके मिश्र और प्राचार्य प्रो. चंद्र मोहन उपाध्याय ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। संचालन डा. अरुण यादव ने किया। देवेंद्र सिंह ने विजेता खिलाड़ियों को पदक और पुरस्कार दिए।

कालीचरण पीजी कालेज में वार्षिक खेलकूद में हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के पुत्र देवेंद्र सिंह ने भरा जोश

**मुख्य विजेता इस प्रकार रहे**

- सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी (पुरुष वर्ग) – पंकज यादव (बीए प्रथम वर्ष)
- सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी (महिला वर्ग) – आशा पाल (बीए तृतीय वर्ष)
- 100 मीटर दौड़ (पुरुष वर्ग) – सचिन (बीए प्रथम वर्ष)
- 100 मीटर दौड़ (महिला वर्ग) – आशा पाल (बीए तृतीय वर्ष)

नगर की महत्वपूर्ण खबरें www.jagran.com पर पढ़ें

# कालीचरण महाविद्यालय, चौक, लखनऊ में रक्तदान शिविर एवं स्वास्थ्य जांच का हुआ आयोजन

**उद्घाटन कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो चंद्र मोहन उपाध्याय ने बच्चों को रक्तदान के लाभ बताते हुए उन्हें रक्तदान के लिए प्रेरित किया**

**फर्स्ट एडिटर। लखनऊ।** 28/02/2025। कालीचरण महाविद्यालय, चौक, लखनऊ में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई व हेल्थ केयर समिति के संयुक्त तत्वाधान एवं हेल्थ सिटी हॉस्पिटल, लखनऊ के सहयोग से स्वास्थ्य जांच एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो चंद्र मोहन उपाध्याय द्वारा किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में प्राचार्य ने बच्चों को रक्तदान के लाभ बताते हुए उन्हें रक्तदान के लिए प्रेरित किया। स्वास्थ्य जांच में बड़ी संख्या में अध्यापकों एवं अध्यापिकाओं तथा छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस शिविर में लगभग 35 इकाई ब्लड एकत्र किया गया। रक्तदान करने वालों में कॉलेज के प्राचार्य प्रो. चंद्र मोहन उपाध्याय, डॉ मुकेश मिश्रा, डॉ शिवकुमार, डॉ. नितिन सिंह, डॉ. प्रभास, डॉ श्याम प्रकाश सिंह तथा विद्यार्थियों की तरफ से दिव्या गौर, राफिया बानो, श्रेयस जयसवाल, अभय त्रिपाठी, मंटू,गौरव चौरसिया, सिद्धार्थ, अतुल यादव, कृष्णकांत रस्तोगी सहित लगभग 30 विद्यार्थियों ने भाग लिया। हेल्थ केयर अस्पताल की टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण में हीमोग्लोबिन टेस्ट, बी.पी., शुगर, ब्लड ग्रुप एवं वजन का परीक्षण किया गया। परीक्षण के उपरांत पात्र व्यक्तियों से उनकी सहमति से रक्तदान कराया गया। इस पूरे कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के मुख्य कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ अल्का द्विवेदी, डॉ. मुकेश मिश्रा, डॉ. राज कुमार सिंह, डॉ. शिवकुमार एवं हेल्थ केयर अस्पताल की टीम से ऋषभ शर्मा, प्राची श्रीवास्तव, आलोक यादव इत्यादि ने किया।





# रक्तदान शिविर एवं स्वास्थ्य जांच का आयोजन

एनडीएस संवाददाता



लखनऊ। कालीचरण महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई व हेल्थ केयर समिति के संयुक्त तत्वाधान एवं हेल्थ सिटी हॉस्पिटल, लखनऊ के सहयोग से स्वास्थ्य जांच एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो चंद्र मोहन उपाध्याय द्वारा किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में प्राचार्य ने बच्चों को रक्तदान के लाभ बताते हुए उन्हें रक्तदान के लिए प्रेरित किया। स्वास्थ्य जांच में बड़ी संख्या में अध्यापकों एवं अध्यापिकाओं तथा छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस शिविर में लगभग 35 इकाई ब्लड एकत्र किया गया। रक्तदान करने वालों में कॉलेज के प्राचार्य प्रो. चंद्र मोहन उपाध्याय, डॉ मुकेश मिश्रा, डॉ शिवकुमार, डॉ. नितिन सिंह, डॉ. प्रभास, डॉ श्याम प्रकाश सिंह तथा विद्यार्थियों की तरफ से दिव्या गौर, राफिया बानो, श्रेयस जयसवाल, अभय त्रिपाठी, मंटू,गौरव चौरसिया, सिद्धार्थ, अतुल यादव, कृष्णकांत रस्तोगी सहित लगभग 30 विद्यार्थियों ने भाग लिया। हेल्थ केयर अस्पताल की टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण में हीमोग्लोबिन टेस्ट, बी.पी., शुगर, ब्लड ग्रुप एवं वजन का परीक्षण किया गया। परीक्षण के उपरांत पात्र व्यक्तियों से उनकी सहमति से रक्तादान कराया गया। इस पूरे कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के मुख्य नियंता डॉ दिनेश चंद्र दत्त राम पांडे, प्रो. वी. एन. मिश्रा, प्रो. मीना कुमारी, प्रो. मनोज पांडे, डॉ. अरुण यादव, डॉ. राजीव यादव एवं महाविद्यालय के समस्त अध्यापकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ अल्का द्विवेदी, डॉ. मुकेश मिश्रा, डॉ. राज कुमार सिंह, डॉ. शिवकुमार एवं हेल्थ केयर अस्पताल की टीम से ऋषभ शर्मा, प्राची श्रीवास्तव, आलोक यादव इत्यादि ने किया।

फर्स्ट एडिटर
सुल्तानपुर,शनिवार 01 मार्च 2025
3

# बी.कॉम. तृतीय वर्ष ने जीता अंतर संकाय क्रिकेट प्रतियोगिता

**कालीचरण पी.जी. कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित किए जा रहे अंतर संकाय क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबला**



**फर्स्ट एडिटर। लखनऊ।**
कालीचरण पी.जी. कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित किए जा रहे अंतर संकाय क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में बी. कॉम. तृतीय वर्ष ने जीत हासिल कर प्रतियोगिता अपने नाम की। आज के फाइनल मुकाबले में बी. ए.तृतीय वर्ष ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में कुल 73 रन बनाए। बी. ए तृतीय की तरफ से कप्तान विकास यादव ने सर्वाधिक 26 रनों की पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करते हुए बी. कॉम. तृतीय वर्ष ने 14. 2 ओवर में 6 विकेट से मैच में जीत हासिल किया। बी कॉम की तरफ से बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए मैन ऑफ द मैच रहे गौरांग ने 23 रनों की पारी खेली एवं गेंदबाजी में 4 विकेट भी हासिल किए। वही पूरे प्रतियोगिता में बेहतरी प्रदर्शन के बी. कॉम. के राज कमल को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब दिया गया। आज के मैच के फ़ाइनल मैच का उदघाटन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.चंद्र मोहन उपाध्याय ने किया तथा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए सभी को शुभकामनाएं दी। प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. चंद्रमोहन उपाध्याय ने खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मेडल एवं पुरस्कार प्रदान किया एवं सभी को निरंतर खेलों में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित भी किया। प्रतियोगिता का सफलता पूर्वक आयोजन शारीरिक शिक्षा विभाग के सहा आचार्य डॉ. मुकेश कुमार मिश्रा ने किया। इस दौरान महाविद्यालय के मुख्य नियंता डॉ. दिनेश चंद्र पाण्डेय,प्रो मीना कुमारी,प्रो. वी. एन. मिश्रा, डॉ. अलका द्विवेदी, प्रो मनोज पाण्डेय डॉ. अरुण कुमार यादव, राजीव यादव, राजकुमार सिंह, डॉ. शिव कुमार सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक गण, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।